卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 295 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦6 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कैमिकल फैक्ट्री में भड़की आग

**करीब स्थित भवन में भी फैली भीषण आग,मजदूरों ने भागकर बचाई जान**



हरिद्वार(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र स्थित पुराना औद्योगिक क्षेत्र की एक केमिकल की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें और धुआं आसमान में दूर तक उठता देख लोगों में हड़कंप मच गया। इस बीच फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। आग ने केमिकल फैक्टरी के बगल में स्थित भवन को भी अपनी आगोश में ले लिया। सूचना पर दमकल के कई वाहनों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। समचार लिखे जाने तक आग बुझाने का काम जारी था। जानकारी के अनुसार पुराना औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कैमिकल फैक्ट्री में मंगलवार सुबह अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गयी। इस दौरान फैक्ट्री में कई कर्मचारी काम कर रहे थे। आग भड़कते ही फैक्ट्री कर्मियों ने भागकर जान बचाई। देखते ही देखते आग ने केमिकल फैक्टरी के बगल में स्थित भवन को भी आगोश में ले लिया। सूचना पर सूचना पर दमकल विभाग की कई टीमें मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट (शेष पृष्ठ सात पर)

## झरने में डूबे दो युवक एक का शव मिला

पौड़ी(उद संवाददाता)। कोट ब्लॉक के गैंठीछेड़ा झरने में दो युवक डूब गए। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया। टीम ने एक युवक का शव बरामद कर लिया है, जबकि दूसरे युवक की तलाश जारी है। घटना के बाद मृतक युवक के घर में मातम छाया हुआ है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम दो युवकों के झरने में डूबने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासन को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को घटनास्थल से युवक के कपड़े फोन और जूते मिले। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया, टीम ने इस दौरान एक युवक का शव झरने से बरामद कर लिया। जबकि (शेष पृष्ठ सात पर)



## कमिश्नर ने निरीक्षण कर जलभराव का लिया जायजा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने तीनपानी से लेकर मोटाहल्दू तक एनएच की सड़कों का विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। सबसे पहले कमिश्नर दीपक रावत तीनपानी के पास एनएच के ओवर ब्रिज की तरफ गए, जहां पर बरसात के दिनों में लगातार लोगों के घरों में जल भराव की स्थिति है। इसके चलते वह लोग काफी परेशान हैं। कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान लाल कुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट मौजूद थे। उन्होंने कमिश्नर को जलभराव की समस्या से अवगत कराया। कमिश्नर दीपक रावत ने कहा जिन जगहों पर जल भराव की स्थिति हो रही है, वहां पर ड्रेनेज सिस्टम बनाए जाएंगे। इसको लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं, इसके अलावा अन्य और क्या उपाय हो सकते हैं, उसको भी करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि लोगों की समस्या का समाधान हो सके, वही एनएच द्वारा अधिकृत की गई जमीनों के संबंध में भी कुछ दिक्कतें आई हैं, जिसमें उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को समस्या का हल करने के तत्काल निर्देश दिए हैं।

## होटल के कमरे में शव मिलने से सनसनी

**छह दिन पहले होटल में आया था मृतक, तीन दिन से बंद था कमरा**



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। होटल के कमरे में अधेड़ का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से होटल में हड़कंप मच गया मामले की सूचना होटल के कर्मचारियों ने, पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची बनभूलपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास किया मृतक की पहचान अल्मोड़ा के रहने वाले आनंद सिंह के रूप में हुई है। मृतक के कमरे से सल्फास की एक शीशी बरामद हुई है पुलिस का अनुमान है कि मृतक ने सल्फास का सेवन किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी है बनभूलपुरा थाने में तैनात एस आई शंकर नेयल के अनुसार अधेड़ 31 जुलाई को रेलवे बाजार स्थित होटल में रुकने के लिए आया था। मृतक ने 31 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक का किराया होटल स्वामी को दे दिया था तब से ही मृतक होटल के कमरे में ही था तीन दिन से उसका कमरा बंद था, जब होटल के कर्मचारियों को मृतक का कैमरा बंद मिला तो उनको (शेष पृष्ठ सात पर)

## सुनार पर गिरवी रखे जेवर हड़पने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प निवासी तीन महिलाओं ने क्षेत्र के ही एक सुनार पर गिरवी रखे जेवर हड़प कर दुकान बंद कर भाग जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। वार्ड 2 ट्रांजिट कैम्प निवासी मूल निवासी ग्राम बड़ा गांव थाना सिरौली, बरेली माया देवी पत्नी उदयसिंह का कहना है कि मछली बाजार रोड़ मेन बाजार में एक ज्वैलर्स स्वामी के पास 19 अप्रैल को रूपये की आवश्यकता के चलते 90 ग्राम की एक जोड़ी चांदी की पायल 1500 रूपये में गिरवी रखी थी। उक्त दुकानदार अपनी दुकान बंद करके भाग गया। वहीं लककी पत्नी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार सवार बदमाशों ने सरेआम लाठी डंडों व तलवारों युवक पर किया हमला

**सीसी टीवी कैमरे में कैद हुई घटना**



रामनगर (उद संवाददाता)। पीरूमदारा में अज्ञात कार सवार नकाबपोश बदमाशों ने एक रिसॉर्ट के कर्मचारी पर सरेआम लाठी डण्डों और तलवारों से हमला कर कर दिया। हमलावर युवक को लहुलूहान हालत में छोड़कर फरार हो गये। पूरी घटना का वीडियो सीसी टीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पीरूमदारा पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर एक रिसॉर्ट में कार्यरत 40 वर्षीय नवीन चौधरी सोमवार शाम चार से पांच नकाबपोश हमलावरों ने उस समय हमला कर दिया जब वह पीरुमदारा स्थित अपने ऑफिस से बाहर निकल रहा था। कार में बैठकर आये चार-पांच नकाब पोशों ने नवीन चौधरी को घेरकर लाठी डंडों व तलवारो से जानलेवा हमला कर दिया।हमलावर नवीन जमीन पर गिराकर उस पर तलवार और लाठी डण्डों से हमला करते रहे। जिससे वह लहुलूहान हो गया। गंभीर घायल होने पर हमलावर नवीन को छोड़कर फरार हो गये। इस बीच पास खड़े कुछ लोग तमाशबीन बने रहे। हमलावरों के हथियारों से लैस होने के कारण कोई भी उन्हें रोकने का (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर में सो रहे युवक की सांप के काटने से मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। घर में सो रहे युवक को सोमवार देर रात जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम टेढ़ा निवासी 23 वर्षीय राहुल रावत निजी कार्य से अपने पैतृक गांव अल्मोड़ा जनपद के सल्ट विधानसभा के ग्राम देवाल किसी काम से गया था। बताया जाता है कि सोमवार रात वह अपने गांव में अपने चाचा के साथ सो रहा था। इसी बीच उसे जहरीले सांप ने काट लिया। पता चलने के बाद परिजन उसे देवाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां 3 घंटे तक चिकित्सकों ने उसका उपचार किया लेकिन हालत गंभीर होने के बाद उसे रामनगर सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उसे उपचार के लिए रामनगर लाये लेकिन यहां भी उसकी हालत गंभीर होने के चलते रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे बाजपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में देवाल के पूर्व ग्राम प्रधान गोपाल सिंह रावत ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह बदहाल हो चुकी है कई बार अवगत कराने के बाद भी आज तक यहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## घायल टाइगर के दिखने से ग्रामीणों में दहशत

रामनगर (उद संवाददाता)।कॉर्बेट से लगते रामनगर वनप्रभाग के मोहान क्षेत्र में एक घायल बाघ का वीडियो वायरल हो रहा है,जिसमें बाघ के शरीर में चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं, वीडियो किसी राहगीर द्वारा बनाया गया है। बाघ लगातार आबादी के पास ग्रामीण क्षेत्र मोहान और चुकुम क्षेत्र में दिखाई दे रहा है, बाघ के लगातार आबादी क्षेत्र में दिखाई देने से ग्रामीणों में भी दहशत बनी हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रामनगर वनप्रभाग के डीएफओ दिगंत नायक ने बताया कि एक बाघ का वीडियो वायरल हो रहा (शेष पृष्ठ सात पर)



## जॉब की तलाश में निकला युवक हादसे में घायल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर से बाईक पर सवार होकर जॉब की तलाश मे निकला युवक सिडकुल में एक अन्य मोटरसाइकिल की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। महेन्द्र पाल पुत्र राम अवतार हाल निवासी आजाद नगर, ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी ग्राम मुडेला खर्द थाना गजरौला कलां जिला पीलीभीत ने बताया कि 5 अगस्त को सुबह 9 बजे उसका भाई धर्मेन्द्र कुमार मोटर साईकिल संख्या यूपी 26 ए आर 8377 पर अपने मित्र अरूण कुमार के साथ सवार होकर सिडकुल पंतनगर में जॉब की तलाश में गया था। जहां टाइटन कम्पनी के पास में एक अन्य मोटर साईकिल संख्या यूपी 26 ए एम 3703 के चालक ने भाई (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक पर चाकू से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि रम्पुरा में खाना खाकर मैदान में टहल रहे एक युवक पर कुछ नशोड़ी युवकों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। रम्पुरा निवासी पार्वती मौर्या ने बताया कि गत रात्रि खाना खाने के बाद उसका पुत्र हिमांशु (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

# केदारघाटी में फंसे 11,775 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया

## खोज एवं बचाव कार्य में पुलिस, प्रशासन तथा यात्रा मैनेजमेंट टास्क फोर्स के लोगों को लगाया, अब तक तीन शव बरामद





रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने बताया कि दिनांक 31.07.2024 को अतिवृष्टि के कारण केदारनाथ यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर रुके यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए व्यापक स्तर पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं इस अभियान की पल-पल की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 04.08.2024 को शाम 5:00 बजे तक कुल 2622 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया है। भीमबली तथा लिंचोली से लगभग 567 लोगों को चौमासी-कालीमठ के रास्ते निकाला गया है तथा गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग हेतु लगभग 7185 लोगों को सकुशल निकाला गया है।उन्होंने बताया कि केदारनाथ मार्ग में लगातार घने बादल छाए रहने से रेस्क्यू कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, लेकिन आज सुबह मौसम साफ रहने के कारण भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर द्वारा 02 चक्कर लगाकर 65 यात्रियों, एमआई 17 हेलीकॉप्टर द्वारा 03 चक्कर लगाकर 61 यात्रियों तथा स्टेट हेली द्वारा 10 यात्रियों को यानी सोमवार को कुल 136 यात्रियों का रेस्क्यू किया गया है।जिसमें बीमार, बुजुर्ग व महिलाएं शामिल हैं।इसके अलावा आज लगभग 509 लोगों को श्री केदारनाथ जी से लिंचोली तक पैदल लाकर और लिंचोली से इनको हेलीकॉप्टर के माध्यम से चारधाम हेलीपैड, सिरसी हेलीपैड आदि स्थानों पर पहुंचाया गया है। इसके अलावा गौरीकुंड से सोनप्रयाग होते हुए 584 तथा चौमासी के रास्ते 172 यात्रियों को निकाला गया। इस प्रकार कुल 1401 यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। इस प्रकार आज शाम तक श्री केदारनाथ धाम से 274 लोगों को लिंचोली और भीमबली से 2918 लोगों को तथा चीड़बासा (गौरीकुण्ड) से 75 लोगों को यानि कुल 3267 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया है।भीमबली तथा लिंचोली से पैदल मार्ग से अब तक कुल 739 लोगों को चौमासी कालीमठ तक लाया गया है। इसी प्रकार गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग तक कुल 7,769 लोगों को वापस लाया गया है। इस प्रकार सोमवार शाम 05 बजे तक कुल 11,775 लोगों को सुरक्षित वापस लाया गया है। वर्तमान में गौरीकुण्ड से सभी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है।गौरीकुण्ड में कोई भी यात्री शेष नहीं है। वर्तमान में वहां पर रहने वाले स्थानीय निवासी, दुकानदार, डोली पालकी संचालक, घोड़े खच्चर संचालक आदि रह रहे हैं। वर्तमान में लिंचोली में भी कोई यात्री शेष नहीं है। वर्तमान में श्री केदारनाथ धाम में लगभग 50 यात्री स्वेच्छा से रुके हुए हैं। केदारनाथ धाम में लगभग 50 लोगों के अलावा तीर्थ पुरोहित, स्थानीय दुकानदार, स्थानीय निवासी, पालकी डोली संचालक, घोड़े खच्चर संचालक आदि भी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा केदारनाथ यात्रा मार्ग पर रुके हुए लोगों को खाने पीने तथा आश्रय की समुचित व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिये गए हैं। सभी के लिए निःशुल्क खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में श्री केदारनाथ जी में 15 से अधिक दिनों हेतु खाद्य सामग्री उपलब्ध है। बाकी स्थानों पर भी पर्याप्त मात्रा में खाने पीने की व्यवस्था है। वहीं, स्थानीय दुकानदारों, घोड़े-खच्चर एवं डोली-पालकी संचालकों, खोज एवं बचाव कार्यों में लगी टीम के सदस्यों तथा विभिन्न निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों के लिए भी फूड पैकेट्स की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में गौरीकुण्ड से केदारनाथ यात्रा मार्ग पर वृहद् स्तर पर खोजबीन की जा रही है। खोज-बचाव कार्य में पुलिस, प्रशासन तथा यात्रा मैनेजमेंट टास्क फोर्स के लोगों को लगाया गया है। इनके द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है। इसके अलावा सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के डॉग स्क्वायड को भी खोज-बचाव अभियान में शामिल किया गया है। वृहद स्तर पर चलाए गए खोजबीन अभियान के दौरान गौरीकुण्ड तथा केदारनाथ मार्ग के मध्य मलबे में एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। उक्त व्यक्ति की पहचान गौतम पुत्र श्री संजय निवासी जगाधरी, यमुनानगर, हरियाणा के रूप में हुई है। इस प्रकार 31 जूलाई से आज तक गौरीकुण्ड-श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग पर 03 यात्रियों के शव बरामद हुए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा ऐसे सभी लोगों से संपर्क किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिनके परिजनों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी लोगों को कॉल कर संपर्क किया जा रहा है तथा अधिकांश लोगों से संपर्क हो भी गया है। यदि किसी व्यक्ति का यात्रा करने वाले उसके परिजनों से संपर्क नहीं हो पाया है, तो वह जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा जारी किए गए दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर अपने परिजनों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यदि अभी भी कुछ लोग ऐसे पाए जाते हैं जिनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है तो उसका एक कारण यह हो सकता है कि वह कहीं रास्ते में हों अथवा उनका मोबाईल स्विच ऑफ हो गया हो। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू के दौरान तथा रेस्क्यू के उपरांत रेस्क्यू किए गए व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने की व्यवस्था की गई है।

# पैदल यात्रा 15 दिन में होगी सुचारू,500 मजदूर लगाने के निर्देश

## उच्चाधिकारियों ने किया सोनप्रयाग से गौरीकुंड तथा गौरीकुंड से केदारनाथ के बीच वाशआउट मार्गों का स्थलीय निरीक्षण



देहरादून(उद संवाददाता)। सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड शासन पंकज पांडे, सचिव आपदा विनोद सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय और मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग दयानंद ने केदारघाटी के प्रभावित क्षेत्रों का पैदल निरीक्षण एवं हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षतिग्रस्त मार्गों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वाशआउट सड़क मार्ग को पुनर्स्थापित करने के लिए प्राथमिकता से प्लानिंग तैयार कर अविलंब कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उच्च अधिकारियों ने पैदल यात्रा को 15 दिन में सुचारू करने के लिए सभी संबंधित विभागों से सुझाव मांगे। इसके लिए अनिवार्य पुनर्निर्माण कार्यों का एस्टीमेट तैयार कर 2 से 3 दिन के भीतर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड शासन पंकज पांडे एव सचिव आपदा विनोद सुमन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिवृष्टि के कारण सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य वाशआउट सड़क में अस्थाई मार्ग निर्माण करने की कार्रवाई भी अविलंब शुरू की जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गौरीकुंड के समीप मौजूद घोड़ा पड़ाव के पास करीब 15 मीटर हिस्सा वाशआउट हो गया है। इसके अलावा जंगलचट्टी में 60 मीटर हिसा वाशआउट है। उक्त दोनों साइट्स पर कार्य करना सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहेगा। इन्हें मिलाकर कुल 29 साइट्स पर कार्य किया जाना है। इस अवसर पर उन्होंने श्री केदारनाथ-गरुड़चट्टी-लिनचोली मार्ग जो इस अतिवृष्टि से प्रभावित नहीं हुआ है, उसे वैकल्पिक मार्ग के तौर पर इस्तेमाल करने का प्रस्ताव दिया। विभिन्न स्थानों के लिए 10 फोल्डिंग ब्रिज को चिनूक या पैदल मार्ग से केदारनाथ पहुंचाए जाने की भी तैयारी है। सचिव पीडब्लूडी ने निर्देश दिए कि हर साइट पर कम से कम 10 मजदूर एवं बड़ी साइट्स पर आवश्यकता के अनुसार मजदूरों को लगाया जाए। इसके साथ ही पूरे मार्ग पर 500 मजदूर लगाने के भी निर्देश दिए। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने सभी पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बिजली, पानी, कनेक्टिविटी और खाद्य सामग्री की आपूर्ति के लिए संबंधित विभागों से उनके प्लान भी मांगे। वहीं, विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गौरीकुंड लिनचोली और भीमबली में पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा सोनप्रयाग के समीप 11केवी का सब स्टेशन भी खतरे की जद में आ गया है। गढ़वाल कमिश्नर ने सब स्टेशन के लिए नई भूमि चिन्हित कर भूमि की गुणवत्ता और अन्य मानकों की जांच कर नए सब स्टेशन का निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने सड़क व पैदल मार्गों के पुनर्स्थापन, यात्रियों के रेस्क्यू और राहत कार्यों के लिए हो रहे प्रयासों, अब तक किए जा चुके कार्यों व केदारनाथ यात्रा शुरू करवाने के लिए की जा रही तैयारियों की पूरी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने संवेदनशील क्षेत्रों पर सुरक्षा बलों की ओर से की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।

# जनपदों में सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए: धामी

## मुख्यमंत्री ने सूचना विभाग के विभिन्न सेक्शनों का निरीक्षण किया: पत्रकारों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस लागू होगा,कॉरपस फंड की धनराशि बढ़ाकर दस करोड़ करने की घोषणा



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रिंग रोड स्थित सूचना भवन में सूचना विभाग की लगभग 05 घंटे तक समीक्षा बैठक ली।इस दौरान मुख्यमंत्री ने सूचना विभाग के विभिन्न सेक्शनों का निरीक्षण भी किया। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी माध्यम से पहुंचाने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए। आधुनिक तकनीक के प्रयोग के साथ प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के साथ ही सोशल मीडिया और यूट्यूब माध्यमों का भी अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। दैनिक कार्यों में तेजी लाने के लिए सूचना विभाग द्वारा ई-फाइलिंग प्रणाली का पूर्ण उपयोग किया जाए। जनपदों में सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सूचना तंत्र राज्य के पर्वतीय जनपदों में भी मजबूत हो। इसके लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जनपदों का नोडल अधिकारी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि पत्रकार कल्याण कोष के लिए कॉरपस फंड की धनराशि 05 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ की जाएगी। पत्रकारों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस लागू करने के संबंध में उन्होंने विभाग को परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। तहसील स्तर तक पत्रकारों को मान्यता प्रदान करने के लिए भी व्यवस्था बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और जनता के बीच समन्वय बनाने के लिए सरकार के चेहरे के रूप में सूचना विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाए कि मीडिया और विभिन्न प्रचार माध्यमों से जनता को सरल भाषा में सरकार के कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी जाए। जनहित में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यों की सक्सेस स्टोरी नियमित प्रकाशित की जाए। मुख्यमंत्री ने सचिव सूचना को निर्देश दिए कि विभाग के कार्यों में और तेजी लाने और विभिन्न व्यवस्थाओं में सुधार के लिए प्रत्येक 15 दिन में विभाग की समीक्षा की जाए। सूचना विभाग द्वारा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए सरकार के महत्वपूर्ण कार्यों को मीडिया के माध्यम से जन सामान्य तक पहुंचाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विकास पुस्तिका डिजिटल रूप में भी प्रस्तुत की जाए। फिल्म निर्माताओं को राज्य में फिल्म निर्माण के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों की आजीविका में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में हो रहे विभिन्न घटनाक्रमों की भी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जिला सूचना अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाए कि जनपदों में मीडिया के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों से निरंतर समन्वय बनाते हुए सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर सूचना तंत्र को और मजबूत बनाने के लिए मानव संसाधन के साथ आधुनिक तकनीक पर विशेष बल दिया जाए। सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी ने मुख्यमंत्री को विभागीय क्रियाकलापों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में प्रिंट मीडिया में 1572 सूचना पत्र/पत्रिकाएं सूचीबद्ध हैं। जबकि 41 इलेक्ट्रॉनिक चैनल सूचीबद्ध हैं। सोशल मीडिया में 615 वेब पोर्टल व 13 कम्युनिटी रेडियो सूचीबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि विभाग में कार्मिकों के काफी पद रिक्त चल रहे हैं। सूचना अधिकारी और अन्य पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। बैठक में विधायक श्री उमेश शर्मा काऊ, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् श्री विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव सूचना श्री शैलेश बगोली, अपर निदेशक सूचना श्री आशिष त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक श्री के.एस. चौहान, डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ वित्त अधिकारी श्रीमती शशि सिंह, उप निदेशक श्री मनोज श्रीवास्तव और श्री रवि बिजारनिया उपस्थित थे।

# निवर्तमान मेयर रामपाल ने गिनाई कार्यकाल की उपलब्धियां

## किच्छा रोड से कचरा हटाने सहित कई बड़ी समस्याओं से मिली निजात



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने प्रेस वार्ता में अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि किच्छा रोड पर पिछले लगभग तीस वर्षों से जमा हुए कचरे के पहाड़ को हटाने का काम नगर निगम रुद्रपुर की ओर से युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि किच्छा रोड स्थित ट्चिंग ग्राउण्ड रुद्रपुर शहर के लिए एक बदनुमा दाग बन चुका था जिसके कारण कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग भी बाधित होता था आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी होती रहती थी जब वह नगर निगम में मेयर बनकर पहुंचे तो उनके सामने कचरे के पहाड़ को हटाने की सबसे बड़ी चुनौती थी जिसके लिए तत्कालीन मुख्य नगर आयुक्त जय भारत सिंह के साथ गुजरात, बड़ौदा, पानीपत, दिल्ली जाकर वहां चल रहे ट्रॉमल प्लांट का निरीक्षण किया जिसके फल स्वरुप कचरे के पहाड़ को हटाने के लिए नगर निगम की ओर से युद्ध स्तर पर काम चालू किया गया। इसके फल स्वरुप नगर निगम रूद्रपुर की स्वच्छता रैंकिंग में भी काफी सुधार आया और कुमाऊं में प्रथम स्थान भी हासिल किया। कूड़े के वैज्ञानिक विधि से निस्तारण हेतु प्रथम चरण में 18 दिसंबर 2019 को ई निविदा आमंत्रित की गई 26 फरवरी 2020 को ई निविदा में सफल फॉर्म को अनुबंध गठित कर कार्यदेश जारी किया गया 29 जून 2020 को ट्चिंग ग्राउंड में ट्रॉमल मशीन की स्थापना की गई जिसका शुभारंभ 17 जुलाई 2020 को शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, जिलाधिकारी नीरज खैरवाल एवं मेयर रामपाल सिंह के द्वारा किया गया ट्रॉमल मशीन से वहां वर्षों से इक्कठे हुए कूड़े के पहाड़ को छानने का काम प्रारंभ किया गया जिसमें प्लास्टिक की पॉलिथीन, पुराने कपड़े, ईटा पत्थर, कांच के टुकड़े और मिट्टी को अलग-अलग करने का काम शुरू हुआ। द्वितीय चरण में घरों से निकलने वाले रोजमर्रा के कूड़े को गीले कूड़े एवं सूखे कूड़े को दो भागों में बांटा गया गीले कूड़े को खत्म करने के लिए उत्तराखंड के पहले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना की गई जिसका शुभारंभ सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के द्वारा किया गया। गाय, भैंस के गोबर, सब्जी मंडी, फल मंडी एवं घरों से निकलने वाले गीले कूड़े को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित कर बायोगैस और खाद बनाने का काम प्रारंभ किया गया। रामपाल सिंह ने बताया कि कचरे के पहाड़ को हटाने की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। जिसके लिए कई बार आंदोलन भी किये गये। चुनाव के दौरान शहरवासियों से किच्छा रोड पर ट्चिंग ग्राउड को हटाने का वायदा करते हुए उसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था। अपनी घोषणा के मुताबिक उन्होने कचरे के पहाड़ को हटाने के लिए कार्ययोजना तैयार की और कचरे को निस्तारित करने के लिए ट्रोमल कन्वेयर मशीन स्थापित की है। जिसके माध्यम से कचरे की छनाई की जाने लगी 14 जून 2023 तक 158000 मेट्रिक टन लिगसी वेस्ट का निस्तारण कर दिया गया मेयर का कार्यकाल समाप्त होने से पहले 17 अक्टूबर 2023 को वहां शेष बचे 53000 मेट्रिक टन कूड़े के निस्तारण हेतु निविदा आमंत्रित की गई जिसमें मै० दया चरण एंड कंपनी संस्था को ई निविदा के माध्यम से 10 नवंबर 2023 को एल आर ए जारी हुआ। जिसके द्वारा दिन रात काम करते हुए आज कूड़े के पहाड़ का निस्तारण कर उसे समतल भूमि के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है। रामपाल सिंह ने कहा रुद्रपुर की जनता से जो वादा किया था उसे पूरा कर दिया गया है जो हमारे कार्यकाल की एक बड़ी उपलब्धि के साथ साथ रुद्रपुर वासियों के लिए एक बड़ी सौगात भी है। उन्होंने जिलाधिकारी उदय राज सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी के नेतृत्व में कूड़े के पहाड़ को हटाने के कार्य को गति दी गयी एवं इस काम को पूरा करने के लिए समय-समय पर अपना मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही मेयर ने उपलब्धियां बताते हुए कहा कि उन्होनें अपने कार्यकाल में नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक देने का संकल्प पूरा किया, गीले कूड़े को वैज्ञानिक विधि से निस्तारित करने हेतु उत्तराखंड के पहले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना की गयी। घरों से मल मूत्र का निस्तारण हेतु फिजकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की गयी। घरों से निकलने वाले सूखे कूड़े को पृथक पृथक करने के लिए एमआरएफ सेंटर की स्थापना हुई। हॉट मिक्स सड़क निर्माण करने वाला उत्तराखंड का पहला नगर निगम बना। स्वच्छता अभियान के माध्यम से कल्याणी नदी की सफाई कर कल्याणी वाटिका की स्थापना की गयी। शहर में कई जगह हाईटेक शौचालय बनाये गये। स्वर्गीय सुभाष चतुर्वेदी की स्मृति में नगर निगम में भव्य सभागार का निर्माण किया गया। 100% स्ट्रीट लाइटों को सुचारू कर कई वार्डो को रोशन वार्ड घोषित किया गया। मुख्य बाजार में सड़कों,नालों एवं फुटपाथ का निर्माण कर सौंदर्यकरण किया गया। ट्रांजिट कैंप में डिवाइडर युक्त 60 फीट चौड़ा मुख्य मार्ग भी उनके कार्यकाल में ही बनाया गया। आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में खुदीराम बोस सामुदायिक भवन का निर्माण,तीन पानी डैम से होते हुए जेसीज पब्लिक स्कूल के पास तक दोनों और टाइल्स पटरी सहित हॉट में सड़क का निर्माण ,उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली करतारपुर रोड का हॉट मिक्स निर्माण ,आवास विकास की सभी सड़कों एवं चार साहिबजादे चौक का निर्माण, प्रमाण पत्रों को बनाने में आ रही परेशानी को दूर करने हेतु अपने कार्यालय में सिंगल विंडो की स्थापना भी उनके कार्यकाल की ही देन है। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार, यशपाल घई,किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, विवेक सक्सेना, राकेश सिंह, नत्थू लाल गुप्ता, के के दास, रश्मि रस्तोगी, फरजाना बेगम, मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, परवेज खान, धीरेंद्र मिश्रा,मोहन तिवारी, हिमांशु शुक्ला, संदीप बाजवा,पार्षद सुशील चौहान, विधान राय, निमित्त शर्मा, प्रमोद शर्मा, भुवन गुप्ता, विनय विश्वास,अंबर सिंह, शैलेंद्र रावत, आयुष तनेजा, बबलू सागर, नरेश सागर आदि लोग उपस्थित रहे।

## दो जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट

देहरादून। राजधानी देहरादून और मसूरी में दिन में कि शुरुआत रिमझिम बारिश के साथ हुई। मसूरी में बारिश के बाद घना कोहरा छा गया। वहीं पर्यटकों ने सुहावने मौसम का लुत्फ उठाया। वहीं, आज कई दौर की तेज बारिश होने की संभावना है, जबकि चमोली और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा देहरादून समेत रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले में कहीं- कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश होने की आशंका है।


**गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध**

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015


# 12 साल से फरार चल रहा कुख्यात लकड़ी तस्कर को किया गिरफ्तार



रामनगर (उद संवाददाता)।तराई पश्चिमी वन प्रभाग की टीम ने 12 साल से फरार चल रहे एक कुख्यात लकड़ी तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए तराई पश्चिमी वन विभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत क्षेत्र का रहने वाला लखबीर सिंह उर्फ लक्खू जो कि वर्तमान में दाबका के समीप ग्राम गोबरा में रह रहा था। उन्होंने बताया कि लकड़ी तस्कर करीब 12 साल से फरार चल रहा था। जब भी कर्मचारियों द्वारा इसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो यह लकड़ी तस्कर हर बार कर्मचारियों को चकमा देकर फरार हो जाता था। उन्होंने बताया कि इस तस्कर के खिलाफ 20 से अधिक वन अपराध दर्ज हैं। जंगलों में लकड़ी के अवैध कटान के अधिकांश मामलों में इसकी भूमिका पाई जाती है। यह एक बहुत बड़ा लकड़ी तस्कर है। डीएफओ ने बताया कि सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर तस्कर को गिरफ्तार करने पहुंची टीम को एक बार फिर इसने चकमा दे दिया और पास में स्थित खेतों में दौड़ लगा दी लेकिन वन कर्मियों ने भी साहस दिखाते हुए इस तस्कर का काफी दूर तक दौड़ते हुए पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्कर के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# नवोदय विद्यालय से नाम कटा रहे बच्चे

## अभिभावकों को समझाने पहुंचे कालाढूंगी विधायक और एसडीएम



कालाढूंगी(उद संवाददाता)। भारी अव्यवस्थाओं के चलते कोटाबाग के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय से अब तक एक सौ से अधिक अभिभावक अपने बच्चों का नाम कटाकर बच्चों को घर ले गए है। अभिभावकों का कहना है कि यहां वार्डन तक नहीं है, जबकि महिला वार्डन की सख्त जरूरत है। स्वच्छता का भी बुरा हाल है, इतने बड़े आवासीय विद्यालय में मात्र एक सफाई कर्मी है, जिस वजह से बच्चों को ही सफाई करनी पड़ती है। यहां से कई दिन में अभिभावक एक सौ से अधिक बच्चों का नाम कटाकर अपने घरों को ले गए। सोमवार को डीएम वंदना सिंह ने कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत एवं एसडीएम रेखा कोहली सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नवोदय विद्यालय में भेजा। गुस्साए अभिभावकों को विधायक भगत ने काफी समझाया कहा जो व्यवस्थाएं विद्यालय स्तर पर दुरुस्त हो सकती हैं उनको तुरंत ठीक कराया जाएगा, और जो व्यवस्था शासन से होनी है उसके लिए भी मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे। इसके बाद उन्होंने अभिभावकों और अभिभावक संघ के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की। इस दौरान लोगों ने खाने में भी अनियमितता, प्राचार्य का पद भी खाली होने, सफाई व्यवस्था ठीक न होने, वॉशिंग मशीन होने पर भी बच्चों को खुद कपड़े धोने, पानी का आरओ खराब रहने, सीसीटीवी कैमरे भी खराब होने की शिकायत रखी।विधायक भगत और एसडीएम रेखा कोहली ने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए खाने की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था भी देखी। जिसके बाद उन्होंने विद्यालय प्रशासन से कहा कि जो व्यवस्थाएं विद्यालय स्तर की हैं उनको शीघ्र ठीक किया जाए। इस दौरान अपर शिक्षा निदेशक लीलाधर व्यवास, मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा, खंड शिक्षा अधिकारी सत्य नारायण, प्राचार्य हरीश चंद्र बिनवाल, उप प्राचार्य अरविंद गेजवाल, पीटीए अध्यक्ष नवीन भट्ट, मुकेश त्रिपाठी, चंदन सिंह बिष्ट, मुकेश वर्मा, प्रभाकर ढोंडियाल, कुलदीप तड़ियाल, कमल बोहरा, ललित कबडाल, नवीन पंत आदि लोग उपस्थित थे।

# विधायक बेहड़ ने सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं



किच्छा(उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। प्रत्येक सोमवार को विधायक बेहड के कार्यालय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें वह तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हैं। जिसको लेकर आज प्रात काल से ही उनके कार्यालय पर फरियादियों का तांता लगा रहा ।जिसमें क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक सहायता, बिजली, पानी , स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी।विधायक बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इसका हर हाल में निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान अमन बी राशन कार्ड की समस्या,वार्ड न०-16 से निवासी बानो, नाजमा, अच्छी ,समर जहाँ, आसमा, चंदा खान, आदि ने 50 मीटर सड़क बनाये जाने,विकास कलौनी निवासी सोनम ने नौकरी दिलाये जाने की मांग की,वार्ड न०-03 बालाजी पुरम के निवासी गोपाल सिंह बिष्ट,कृष्ण मुरारी यादव,लक्ष्मण सिंह कार्की, महार सिंह आदि ने 300 मीटर सड़क बनाये जाने की मांग की। मेघनाथ निवासी भमरौला ने पुत्री के विवाह हेतु आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग की, मोहन स्वरूप निवासी पटेरी ने प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाये जाने,वार्ड 10 से नीरज बजाज ने बलदेव मंदिर गली में बिजली की पुरानी सिंगल फेस बिजल तारो का नवीनीकरण कराये जाने की मांग की तथा शिव कुमार मित्तल और नीरज बजाज ने किच्छा के मुख्य बाजार में सार्वजनिक जगह पर कूड़ा व् गंदगी से व्यापारियों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया तथा इस समस्या का निस्तारण कराये जाने की मांग विधायक बेहड़ के समक्ष रखी। विधायक बेहड़ ने अधिकाँश समस्याओं का मौके पर ही निश्तारण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के हल करने हेतु हेतु आदेशित किया।

# युवक का शव मिलने से सनसनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर थाना क्षेत्र में ग्राम राजपुरा से कैलाशपुर मार्ग पर सोमवार देर शाम एक युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को रुद्रपुर मोर्चरी भेज दिया है। शव कुछ समय पुराना प्रतीत हो रहा। है। ऐसे में हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार गांव के एक व्यक्ति ने कैलाशपुर रोड पर नहर की पुलिया के पास खेत में एक युवक का शव पड़ा देखा।



उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष गदरपुर जसवीर सिंह चौहान ने बताया की मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मौत का कारण साफ होगा।

# किसानों की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित

## एकजुट होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से किया आहवान

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक क्षेत्रीय किसानों के सहयोग से गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर में आयोजित करते हुए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार विमर्श करने के उपरांत प्रस्ताव पारित किए गए । भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा सरकार द्वारा बिजली बिलों में सिक्योरिटी के नाम पर बिल लगाए जा रहे हैं नलकूपों में पहले सिक्योरिटी जमा होने के बावजूद भी पैसे लिए जा रहे हैं जो कि किसानों का उत्पीड़न है। जिलाध्यक्ष गुरु सेवक सिंह ने कहा कि क्षेत्र में आवारा पशु जगह-जगह घूम कर किसानों की फसलों का नुकसान कर रहे हैं जिसको संज्ञान में लेने के लिए कोई भी तैयार नहीं है। फसलों का नुकसान होने पर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहा है । वही मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा ने कहा, वर्ग 4 वर्ग 5 के अलावा सभी वर्गों की जमीन काबिज किसानों को मिले भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ ने बाजपुर के 20 गांवों की जमीन, वर्षों से जिस पर किसान काबिज हैं उनको मिलनी चाहिए वहीं किसान एक वर्ष से अधिक समय से उक्त मामले में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं उन्हें उनका हक ना देकर उनके साथ नाइंसाफी की जा रही है उन्होंने कहा सभी किसानों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक जुटहोकर प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर राजेंद्र सिंह मक्कड़ के अध्यक्षता में अन्य किसान संगठन के विक्रम सिंह गौराया के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता ग्रहण की उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया। इस मौके पर किच्छा ,रुद्रपुर, दिनेशपुर, बाजपुर ,गदरपुर काशीपुर क्षेत्र से आए बलविंदर सिंह, कृपाल सिंह, सेवक सिंह, मुख्तियार सिंह, सिकंदर सिंह, भजनलाल, जगतार सिंह ,सुनील कुमार ,गौरव सिंह आशीष कुमार, ज्ञान सिंह, सुभाष बेहड़ ,हरभजन सिंह, रोशन लाल ,अशोक सेठी, सरदार सिंह, उज्जवल सिंह, जागीर सिंह, विनोद गुंबर, देवेंद्र चौधरी ,सुखदेव लाल ,विक्की रंधावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष निज्झर सिंह, जिला प्रवक्ता कुलविंदर सिंह, परमजीत सिंह ,डॉक्टर अमर सिंह, मोहम्मद उस्मान, ज्ञान सिंह, सतनाम सिंह,हरीश शर्मा सहित तमाम किसान शामिल थे।








# खराब स्ट्रीट लाइटों को लेकर नगर आयुक्त को घेरा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वार्ड 58, 59 व 60 के निवर्तमान पार्षदों ने खराब स्ट्रीट लाइटों को काफी समय से सही न कराए जाने के खिलाफ ननगर निगम में जाकर नगर आयुक्त का घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। निवर्तमान पार्षदों ने कहा कि क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटे खराब पड़ी है। कई पोलो पर स्ट्रीट लाईट नहीं लगी है। फॉगिंग नहीं हो रही है, ब्लीचिंग पावडर नहीं पड़ रहा है, पूरे क्षेत्र में जगह जगह जल भराव हो रहा है। जनता में डेंगू फैलने का भय बना हुआ है। नगर आयुक्त ने कहा कि जल्द ही सभी जगह फॉगिंग करा कराई जाएगी और स्ट्रीट लाईट को सही करने का आदेश स्वास्थ्य अधिकारी और सह नगर आयुक्त गणेश भट्ट को दिया। ज्ञापन देने वालों में मनोज मठपाल, रईस अहमद वारसी, मनोज जोशी, डेविड व साथ में करन, कपिल, रमेश चौहान आदि लोग मौजूद थे।



# जीडी गोयंका स्कूल में तैराकी प्रतियोगिता आयोजित

## सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल मुरादाबाद बना ओवरऑल चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जी. डी. गोयंका विद्यालय में गत वर्ष तरह इस वर्ष भी तरण ताल में जलीय मिलन ( एक्वेटिक मीट) तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रुद्रपुर व हल्द्वानी के कई स्कूलों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में एथलीट कोच व अंतर्राष्ट्रीय मेडलिस्ट हरीश राम की उपस्थिति रही। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की। विद्यालय की ओर से कई ट्रॉफियाँ व मेडल वितरित किए गए ।जिनमें ओवरऑल स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी की बाजी सी.एल. गुप्ता वर्ल्ड स्कूल मुरादाबाद ने मारी। एक ओर जहाँ सभी स्कूलों ने बेहतर प्रदर्शन किया वहीं दूसरी ओर हर साल की तरह इस साल भी जीडी गोयंका के छात्रों ने चैंपियनशिप ट्रॉफी व अन्य मेडल पर अपना कब्जा बरकरार रखा। 8 गोल्ड मेडल ,2 सिल्वर व 6 ब्रॉन्ज मेडल लेकर गोयंका के छात्रों ने एक बार फिर अपनी काबलियत का परचम लहराया। जी.डी.गोयंका ग्रुप -2 की बालिका प्रतिभागी यति सिंह ने अपने एज ग्रुप में चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा किया। जी. डी. गोयंका विद्यालय के तरण ताल के कोच गौरव चंद, समन्वयिका श्रीमती आकृति नेगी, स्पोर्ट्स निदेशिका श्रीमती डा. बर्षा व अकादमिक निदेशिका श्रीमती रुचि गोयल व अन्य शिक्षाविदों ने सभी छात्रों को ढेर सारी बधाइयाँ दी। विद्यालय की प्राचार्या श्री मती रुपाली पुरी व प्रबंधक अतुल गोयल ने मुख्य अतिथि हरीशराम व अन्य विद्यालयों से आए सभी कोचों, अभिभावकोंव छात्रोंका आभार व्यक्त किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।








# किच्छा में एबीवीपी की नवीन कार्यकारिणी का गठन

किच्छा(उद संवाददाता)।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद किच्छा की नगर इकाई एवं कॉलेज इकाई का गठन किया गया। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में हुई बैठक मैं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री केशव बिजलबाड़ द्वारा एबीवीपी के नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें नगर अध्यक्ष विनोद गिरि ,नगर मंत्री ज्ञानेश मिश्र ,नगर सह मंत्री नमित सक्सेना ,कॉलेज अध्यक्ष महेंद्र प्रताप ,कॉलेज उपाध्यक्ष प्रेम राठौर ,कॉलेज मंत्री रोशनी, कॉलेज सहमंत्री नीतू, कॉलेज मीडिया संयोजक अंकित ,कॉलेज सोशल मीडिया प्रमुख हेमा ,कला संकाय प्रमुख देव एवं नगर कार्यकारिणी सदस्य में प्रभा कुमारी, सृष्टि और रीना को दायित्व दिया गया कार्यक्रम में प्रांत सविस्कार प्रमुख चन्दन भट्ट , छात्र संघ अध्यक्ष कमलचंद जोशी तहसील संयोजक दीपक सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला महाविद्यालय प्रमुख शुभम तिवारी मौजूद रहे।












# वृंदा, परिधि और आस्तिक ने जीता बैस्ट सिंगर का खिताब

## लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता के फाईनल में प्रतिभागियों के बीच हुआ कड़ा मुकाबला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता के फाईनल में सीनियर, जूनियर और सब जूनियर ग्रुपों में 15 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। तीनों वर्गो में से सीनियर वर्ग और सब जूनियर वर्ग में बैस्ट सिंगर का खिताब डीपीएस स्कूल के नाम रहा। जबकि जूनियर वर्ग में बैस्ट सिंगर का खिताब एमेनिटी पब्लिक स्कूल की छात्रा ने जीता। गायन प्रतियोगिता का ऑडीशन में पिछले दिनों सैकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिनमें से सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीन ग्रुपों में 39 बच्चों को सेमीफाईनल राउण्ड के लिए चुना गया। सेमीफाईनल में तीनों ग्रुपों में पांच-पांच प्रतिभागियों को फाईनल के लिए चुना गया। सोमवार को रूद्रा होटल में फाईनल राउण्ड हुआ। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि कुमांऊ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अशोक बंसल, विशिष्ठ अतिथि बालाजी इंफ्रा के एमडी अर्जुन गुप्ता, एमेनिटी स्कूल के एमडी सुभाष अरोरा एवं कार्यक्रम संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि अशोक बंसल ने लोक रचना समिति और संयोजक केवल कृष्ण बतरा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी प्रतियोगिताओं से ही प्रतिभायें निखरती हैं और आगे चलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करती है। उन्होंने कहा कि लोक रचना समिति के मंच से कई प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं उन्हें तराशकर कोई भी आकार दिया जा सकता है, जरूरत है बच्चों की प्रतिभा को पहचानने की। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि माता पिता अपने बच्चों की प्रतिभा को पहचानें और उन्हें बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित करें। फाईनल में सीनियर, जूनियर वर्ग और सब जूनियर तीनों वर्गों में कुल 15 प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। तीनों ग्रुपों में प्रतिभागियों के बीच बैस्ट सिंगर का खिताब जीतने के लिए कड़ा मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक इंडियन आइडल फेम विशाल विजय एवं प्रसिद्ध भजन गायक व टी-सीरीज कलाकार रितेश मनोचा ने प्रतिभागियों को बारीकी से परखने के बाद परिणाम घोषित किये। सीनियर वर्ग में डीपीएस की वृंदा बैस्ट सिंगर घोषित किया गया। दूसरे स्थान पर एमेनिटी स्कूल की गुरनूर और तीसरे स्थान पर एमेनिटी की अदिति रही। जूनियर वर्ग में बैस्ट सिंगर का खिताब एमेनिटी की परिधि अग्रवाल ने जीता। दूसरे स्थान पर जेसीज के साई और तीसरे स्थान पर भारतीयम की अभिरम्या रही। सब जूनियर वर्ग में बैस्ट सिंगर डीपीएस के आस्तिक रहे। जबकि दूसरे स्थान पर स्टोन राइड स्कूल की तृप्ति आनंद और तीसरे स्थान पर जेसीज की अराध्या और एमेनिटी की इताशा रही। बेस्ट सिंगर सहित तीनों वर्गों में प्रथम द्वितीय और तृतीय विजेताओं को अतिथियों ने आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों के लिए भी क्विज का आयोजन किया गया जिसमें गीत और संगीत से जुड़े सवाल पूछे गये और जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए व्यापार मण्डल पदाधिकारियों ने संयोजक केवल कृष्ण बतरा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के अंत में संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने आयोजन में सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को आयोजकों की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मोहित बतरा और भविष्य धींगड़ा ने किया। इस अवसर पर होटल रुद्रा कॉन्टिनेंटल के एमडी रमेश मिड्ढा, राजेंद्र जी, मोनाड पब्लिक स्कूल के एमडी संजय सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा,महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, हरीश अरोड़ा, पवन गाबा पल्ली, राजीव खुराना, अमित बंगा, रितिन ढींगरा, सुमित बंगा, शिवा चावला, कवलजीत बटला, राजेश कामरा, मनीष गोस्वामी, सुजाता नारंग,मानस, रजनी बत्रा, स्वाति बंगा, प्रियंका ढींगरा, उर्वशी बत्रा, साक्षी बत्रा आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।
















## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बांग्लादेश में विद्रोह

बांग्लादेश में पिछले कुछ समय से छात्र आंदोलन के दौरान सरकार के रुख और सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कई लोग मारे गए। इसके खिलाफ उभरे जन आक्रोश को देखते हुए इसकी आशंका पहले से बन रही थी कि वहां अब कुछ भी हो सकता है। सच यह है कि पुलिस और सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाइयों की वजह से ही प्रदर्शनकारियों के भीतर गुस्सा इस हद तक भड़क गया था कि भीड़ ने प्रधानमंत्री आवास तक पर कब्जा कर लिया और सेना को हालात संभालने का आश्वासन देना पड़ा। लगातार बिगड़ते हालात के बीच मजबूरन शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा। निश्चित रूप से हिंसा और अराजकता किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, मगर शेख हसीना सरकार के रवैये से साफ था कि जनता के बीच बढ़ते असंतोष से निपटने को लेकर उसमें दूरदर्शिता नहीं थी और लगातार ऐसे फैसले लिए जा रहे थे, जो सरकारी तानाशाही के सूचक थे। ऐसे में जन आक्रोश के कारण समझे जा सकते हैं। आरक्षण के मसले पर उभरे छात्र आंदोलन को बांग्लादेश के मौजूदा हालात का एक तात्कालिक कारण जरूर माना जा सकता है, मगर इसकी पृष्ठभूमि लंबे समय से बन रही थी। शेख हसीना 2009 से लगातार सत्ता में कायम हैं और पिछला चुनाव उन्होंने विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच जीता। इसके अलावा, उन पर सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग और सत्ता की ताकत से विरोध का दमन करने और विपक्षी कार्यकर्ताओं की हत्या कराने तक के आरोप लगते रहे हैं। जाहिर है, लोकतंत्र के खिलाफ उनकी सरकार के रुख पर आम जनता के बीच फैले आक्रोश की ठोस वजहें रहीं। मगर प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने और प्रधानमंत्री आवास तक पर धावा बोलने की घटना दक्षिण एशिया में सत्ता के खिलाफ आम लोगों के अराजक हो जाने की बढ़ती प्रवृत्ति को ही दर्शाता है। इससे पहले श्रीलंका में सरकार की मनमानी और दमन के विरुद्ध लोगों ने राष्ट्रपति भवन पर भी हमला कर दिया था। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है, लेकिन सवाल है कि जनहित के सवालों की अनदेखी की सीमा क्या हो, जहां आम लोगों का सब्र न टूटे। लोकतंत्र का विकल्प सैन्य शासन कभी नहीं हो सकता।

# तीन माह में खनन से मिला 333.17 करोड़ का राजस्व



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार राजस्व में बढ़ोतरी को लेकर लगातार नए फैसले और योजनाओं पर काम कर रही है। इसके फलस्वरूप वर्ष 2023-24 में निर्धारित 875 करोड़ के सापेक्ष खनन विभाग 645.42 करोड़ राजस्व अर्जित करने में सफल रहा है। जो गत वर्ष की तुलना में कुल 173.17 करोड़ अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 (माह अप्रैल से जुलाई) में भी 333.17 करोड़ राजस्व की प्राप्ति की गयी है। विगत वर्ष 2023-24 के प्रथम चार माह में प्राप्त राजस्व से कुल 133.31 करोड़ वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधिक प्राप्त किया गया। जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 67 प्रतिशत अधिक है। निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्ष 2022-23 में राज्य सरकार द्वारा भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड को कुल 875 करोड़ का राजस्व लक्ष्य दिया गया था,जिसके सापेक्ष भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा 472.25 करोड़ राजस्व अर्जित किया गया। वर्ष 2023-24 में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून को राज्य सरकार द्वारा कुल 875.00 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। जिसके सापेक्ष भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड द्वारा कुल 645.42 करोड़ राजस्व के रूप में अर्जित किया गया। जो गत वर्ष की तुलना में कुल घ173.17 करोड़ अर्थात लगभग 40 प्रतिशत अधिक रहा। वर्ष 2022-23 में चार माह (माह अप्रैल से जुलाई) में घ161.64 करोड़, वर्ष 2023-24 में चार माह में (माह अप्रैल से जुलाई) में 199.86 करोड़ एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 (माह अप्रैल से जुलाई) में 333.17 करोड़ राजस्व की प्राप्ति की गयी। विगत वर्ष 2023-24 के प्रथम चार माह में प्राप्त राजस्व से यह कुल 133.31 करोड़ वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधिक प्राप्त किया गया। वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु राज्य सरकार द्वारा भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तराखण्ड को जो राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसकी शत प्रतिशत प्राप्ति हेतु विभाग द्वारा निरन्तर, अथक प्रयास किया जा रहा है। निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा अवगत कराया गया कि रिकार्ड राजस्व प्राप्ति का श्रेय राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली में सरलीकरण, ई-निविदा, सह-ई नीलामी के माध्यम से नये खनिज लॉट का चिन्हिकरण कर उनको ई-निविदा के माध्यम से आवंटित किया जाना, निदेशालय स्तर पर गठित प्रर्वतन दल के द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की प्रभावी रोकथाम हेतु निरन्तर प्रभावी ढंग से कार्रवाई किया जाना, मुख्यालय स्तर पर ई-रवन्ना पोर्टल की समय-समय पर निगरानी करते हुए ई-रवन्ना पोर्टल को उन्नत किया जाना, चार जनपदों देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर व नैनीताल में निविदा के माध्यम से आवंटित कम्पनी द्वारा पट्टा धनराशि/अपरिहार्य भाटक आदि की वसूली को जाता है। खनन कार्य को और अधिक पारदर्शी, सुदृढ़ बनाये जाने तथा अवैध खनन/अवैध परिवहन की प्रभावी रोकथाम एवं राजस्व वृद्धि हेतु आधुनिक (MDTSS) विकसित किये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा कुल 45 माइन चेक गेट्स स्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसकी कार्रवाई गतिमान है। इसके साथ ही रवन्ना प्रपत्रों को डिजिटल रूप में ही रखने हेतु कार्रवाई गतिमान है। स्टोन क्रेशर्स/स्क्रीनिंग प्लांट्स में कच्चे माल के रूप मे उपखनिज की भरपूर आपूर्ति होने से उपखनिज ग्रिट, डस्ट, सैंड, रेता, बजरी इत्यादि वर्तमान में 70/कुंतल की दर से बेचा जा रहा है। जो कि पूर्व वर्ष में 140/कुंतल की दर से बेचा जा रहा था। जिसके फलस्वरूप आम जनमानस को निर्माण सामग्री सस्ते दामों में प्राप्त हो रही है। सरकारी कार्यदायी संस्थाओं को कच्चे/पक्के माल की निर्माण सामग्री की आपूर्ति सस्ते दामों में प्राप्त हो रही है।

# कांग्रेसियों ने एमएनए नरेश दुर्गापाल को किया सम्मानित





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में दर्जनो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को फूलों का गुलदस्ता देकर, शॉल ओढ़ाकर एवं उन्हें पगड़ी पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने घर-घर तुलसी अभियान के तहत नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को एक तुलसी का पौधा भी भेंट किया स उल्लेखनीय है कि शहर का ट्रेचिंग ग्राउंड जहां कूड़े के पहाड़ बन गए थे,उसको हटाने के लिए काफी प्रयास किये जा रहे थे,लेकिन वह प्रयास सफल नहीं हो पा रहे थे, लेकिन जिलाधिकारी उधम सिंह नगर, उदयराज सिंह और नगर आयुक्त, नगर निगम द्वारा पिछले दिनों जो प्रयास किए गए, उसके सार्थक परिणाम सामने आए, और वह कूड़े का ढेर वहां से बिल्कुल समाप्त कर दिया गया है,जिस कारण क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहोल है,जिसको लेकर आज तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम पहुंचे, जहां उन्होंने नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल का पगड़ी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर,और फूलों का गुलदस्ता देकर,साथ ही उन्हें तुलसी का एक पौधा भी भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बावरा,सैजना ग्राम के तीन बार प्रधान रहे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत,सांसद प्रतिनिधि रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता साजिद खान, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, बी डी सी राखी जोशी,पूर्व बी डी सी राकेश जोशी,नगर निगम की पूर्व पार्षद प्रीति साना,अबरार अहमद,अशफाक अहमद,बाबू खान, परवेज कुरैशी, एडवोकेट संजय आईस,फरमान सिद्दीकी,पूर्व पार्षद कालीचरण वाल्मीकि, दिनेश मौर्य, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष चेतन भट्ट, सरोज रानी, पूनम गुप्ता, सुभाष दिवाकर, राजीव यादव, आजम खान, गब्बर कोली, रामप्रसाद, पूर्व नामित पार्षद उमर अली सलमानी, राजेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा,अरविंद सक्सेना,सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य मत्स्य पालक विकास अभिकरण के उपाध्यक्ष उत्तम दत्ता के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रेंषित किया। ज्ञापन में बांग्ला देश में वतैमान राजनैतिक स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे हिन्दू परिवारों की जान माल की सुरक्षा किये जाने की आग्रह किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्ला देश में घटित राजनैतिक उठा पटक के बाद से हिन्दू समाज अपनी सुरक्षा को लेकर काफी आशंकित है। ज्ञापन देने वालों में विजय वाजपेयी,योगेश वर्मा,शंकर चक्रवर्ती, विक्की सरकार, आलोक राय, विधान पाण्डे, शंकर विश्वास, विजय डे, रोबिन विश्वास, मानवेन्द्र, सपन मंडल, अभिनव दत्ता, मुकेश मंडल, सूरज वैद्य, विक्की मंडल, अखिल विश्वास, समीर राय, छोटू मंडल,शिव कुमार राय,संजू दत्ता, नारायण महाजन, केरू मण्डल, संतोष कीर्तनिया,राकेश मण्डल, तपन मिर्धा, सपन मण्डल, दीनू साना,रजत देवनाथ, निधान माली, विधान राय, आदि शामिल थे।



# सस्ता गल्ले की दुकानें बढ़ाने की मांग

सितारगंज (उद संवाददाता)। नवनिर्मित एसडीएम तहसील कार्यालय में मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया था। जिसमें समस्याओं के समाधान के लिए फरियादी पहुंचे थे। इस दौरान नगरीय क्षेत्र में सस्ता गल्ला की दुकानों की संख्या बढ़ाने के लिए पूर्व सभासद रवि रस्तोगी में मांग उठाई। डीएम उदय राज सिंह, सीडीओ की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन हुआ था। इस मौके पर जल संस्थान, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, खंड विकास, पूर्ति, सिंचाई, स्वास्थ्य विभाग आदि के अधिकारी पहुंचे थे। इस दौरान सड़क, पानी, बिजली, राशन आदि की समस्याएं दर्ज की गई। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने कहा कि नगर क्षेत्र में 13 वार्डो के सापेक्ष 6 सस्ता गल्ले की दुकानों होने से राशन उपभोक्ताओं को राशन वितरण के दौरान काफी परेशानी उठानी पड़ती है। दुकान कम होने के कारण उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रहती है। उन्होंने डीएम से 13 वार्डो के अनुसार सस्ता गल्ले की दुकान को बढ़ाने की मांग की। इस मौके पर एसडीम रविंद्र कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, तहसीलदार पूजा शर्मा, ईई चंदन बस्नेत, बीडीओ सीआर आर्य, जगमोहन त्रिपाठी, पटवारी राम अवतार, सुखदेव सिंह, जेई सतपाल सिंह आदि मौजूद थे।



# हादसे में दो लोग घायल, चालकों के खिलाफ तहरीर दी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अलग-अलग सड़का हादसों में दो लोग घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्राम गौराड़ी मौना जिला नैनीताल निवासी राजेंद्र सिंह लटवाल पुत्र स्व. हरि सिंह लटवाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसे दोपहर में सूचना मिली कि उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है और उसे सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया है। जब वह अस्पताल पहुंचा तो उसका भाई आईसीयू में भर्ती था, जिसे काफी गंभीर चोटें आई थी। इसके बाद उन्होंने घटना के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि हर्ष गुप्ता पुत्र दीपक गुप्ता निवासी गोसाई चौराहा दमुवाढूंगा ने लापरवाही पूर्वक स्कूटर चलाते हुए उसके भाई को टक्कर मारी है। राजेंद्र ने आरोपी स्कूटर चालक के खिलाफ कार्रवई की मांग की है। वहीं सीआरपीएफ कैंप काठगोदाम निवासी साधना पत्नी हरीश चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पति सीआरपीएफ कैंप में सहायक उप निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। जब वह रात में ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने आवास की ओर आ रहे थे तभी एक चौपहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए।

# विधवा की जमीन जबरन कब्जाने का प्रयास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर के वार्ड नं. 10 निवासी श्रीमती अरमाना बेगम पत्नी स्व. इरफान अली ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कृषि भूमि पर बलपूर्वक कब्जा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगायी है। ज्ञापन में पीड़िता का कहना है कि वह अपनी कृषि भूमि से अपना और चार बेटियों का गुजर बसर करती हैं। पीड़िता का कहना है कि उसके पति स्व. इरफान अली ने अपने पार्टनर के साथ 26 फरवरी 1983 को संयुक्त रूप से एक एकड़ कृषि भूम क्रय की थी, जिसमें से आधा एकड़ पार्टनर एवं आधा एकड़ पति इरफान अली के नाम थी, पति की मृत्यु के उपरांत उनके हक की भूमि पर मेरा और मेरे पुत्र मौ. कामिल का नाम भू अभिलेख तहसील में दर्ज है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से कुछ लोग एक राय होकर संपत्ति पर अवैध कब्जा कर हड़पना चाहते हैं। उक्त लोग आये दिन दुर्व्यहार और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। महिला का कहना है कि उक्त लोगों से उसके परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। महिला ने कहा है कि उसके और उसके परिवार के साथ कोई भी घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी उक्त लोगों की होगी।





# तानिया बंसल के सिर सजा तीज क्वीन का ताज

बाजपुर (उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा बाजपुर द्वारा तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। तीज कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी माताओं व बहनों को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पर्वों को मिलजुलकर मनाना चाहिए। इससे एक ही स्थान पर आपस में मिलना होभता है। तीज महोत्सव में कई संस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिनमें मुख्य निर्णायक के रूप में डॉक्टर पूनम पांडे, आभा तीलरा, गीता खत्री, चंद्रिका फोगाट, पूजा जिंदल, तारा शर्मा उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाओं ने सुंदर एवं मधुर तीज गीतों की धुन पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। तीज महोत्सव में इस वर्ष की तीज क्वीन का ताज प्रथम स्थान प्राप्त तानिया बंसल के सिर सजा। उपविजेता हेमा शर्मा व तृतीय स्थान पर रजनी हांडा रही। डांस प्रतियोगिता में हेमा सरना प्रथम, वैशाली द्वितीय तथा आयुषी बंसल तृतीय रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम अंजू सिंघल, द्वितीय पूनम अग्रवाल व तृतीय सुधा



तलवार रही। कार्यक्रम के समापन में सभी माता बहनों को एक-एक पौधा उपहार के रूप में भेंट किए गए । कुल 250 पौधे वितरण किए गए। कार्यक्रम में वानी दिवाकर, पूनम अग्रवाल, अनीता सिंह, सविता शर्मा, रीमा सरना, एकता, सुनीता गोयल, मीनू बंसल, निकिता जिंदल, नेहा जिंदल, तान्या भटनागर, मनीषा जैन, ममता जैन, समीक्षा जैन, लता गोयल, एकता बंसल, अपूर्वा, रेखा कालरा, कृतिका, आकांक्षा मित्तल, सूचि मित्तल, कल्पना, खुशी, शशि वाला गर्ग, ऊषा मित्तल, टीना मित्तल, उमा गुप्ता, अनीता ग्रोवर, गीता, मोनिका गर्ग, सुनीता गुप्ता आदि मौजूद रही।

## पत्रकार गौरव बत्रा वार्ड नंबर 7 से लड़ेंगे चुनाव

गदरपुर(उद संवाददाता)। निकाय चुनाव को लेकर चल रही सरगर्मी के बीच वार्ड नंबर 7 से अभिषेक बत्रा 'गौरव' ने वार्ड नंबर 7 से सभासद पद की दावेदारी पेश की है। गौरव बत्रा ने बताया है कि उन्हें हर वर्ग जाति और बिरादरी का समर्थन



मिल रहा है। बता दें पत्रकार गौरव बत्रा की छवि बेहद साफ-सुथरी हैं एवं मिलनसार व्यक्ति हैं। गौरव बत्रा ने कहा कि वार्ड वासियों के सहयोग से ही सभासद पद का चुनाव जीत सकते हैं चुनाव जीतकर वार्ड में किस तरह विकास होता है हम विकास करके दिखाएंगे। वार्ड के लिए कुछ अलग ही कार्य करेंगे। गौरव बत्रा ने कहा यह चुनाव वार्ड का भविष्य तय करेगा क्योंकि इस बार अगर हम सही प्रत्याशी को चुनने में चूक गए तो फिर पूरे 5 साल पछताना पड़ेगा। इसलिए क्षेत्र के लोगों को शिक्षित इमानदार प्रत्याशी को ही चुनना जरूरी है। बत्रा का कहना है कि वह हमेशा वार्ड के लोगों के सुख दुख में हमेशा साथ खड़े रहेंगे और जिम्मेदारी मिली तो वार्ड का विकास पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी बिना भेदभाव के साथ कराएंगे लोगों का कहना है कि पत्रकारिता के साथ-साथ समाज का भला कर रहे हैं अगर किसी पद पर विराजमान हो गए तो और ज्यादा वार्ड का विकास होगा।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएम ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन संगठन ने कटघरिया हल्द्वानी क्षेत्र में जर्जर सड़कों का ठीक करने, कठघरिया



क्षेत्र में स्ट्रीट लाईटें लगाने, जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था करने, हल्द्वानी के चौराहों पर ट्रैफिक लाईटें ठीक करवाने, छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटनाों में शामिल आरोपियों पर कठोर करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण, शोभा बिष्ट, शशि गुप्ता, जमील अहमद, रोहित दिवाकर, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर समेत अन्य पदाकारीगण मौजूद थे।

## उदयीमान योजना में रिया का हुआ चयन

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राज्य के 8 वर्ष से 14 वर्ष - बालिका वर्ग में मदर्स होम विद्यालय की रिया शर्मा का चयन हुआ है। अब रिया को हर माह सरकार से निर्धारित छात्रवृत्ति मिल सकेगी। रिया की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या शशि रौतेला, प्रबंधक वीरेंद्र सिंह रौतेला, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य पूरन जोशी, महेश तिवारी, दीवान सिंह बिष्ट, प्रीती अरोरा, उमेश पांडे पुष्कर सिंह अधिकारी सहित विद्यालय स्टाफ राधिका रौतेला, सपना गोस्वामी, पूजा, पायल गोस्वामी, तारा टम्टा, शालिनी बिष्ट, लता धामी, हर्षा गोस्वामी, रेखा सती, सरिता जोशी, किरन जोशी, संध्या परगई तारा भट्ट , पूनम पांडे, भावना रावत, तारा मावड़ी रेनू मेहरा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



## गोल्ड लोन के नाम पर लगाया चूना

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गोल्ड के लोन लेने के नाम पर जालसाजों ने बैंक को डेढ़ लाख रूपए की चपत लगा दी। बैंक प्रबंधक की ओर से मामले की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर बैंक प्रबंधक ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने जालसाज के साथ ही एक ज्वैलर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कैनरा बैंक बरेली रोड हल्द्वानी शाखा के प्रबंधक संजय पाण्डेय ने कोर्ट में याचिका दायर की थी जिसमें उन्होंने कहा कि मो. अजहर वारसी पुत्र जहीर हुसैन निवासी हाउस नंबर 21, वार्ड नंबर 14 नई बस्ती हल्द्वानी ने गोल्ड लोन के लिए शाखा में आवेदन किया था। आरोपी ने लोन के लिए बैंक में दो सोने के कंगन, एक सोने की चेन और दो सोने के टॉप्स गिरवी रखे और उनकी कीमत 1 लाख 40 हजार रूपए बताई। जिसके बाद बैंक ने आभूषणों की सत्यता जानने के लिए आभूषणों को भारद्वाज ज्वेलर्स के तरूण भारद्वाज पुत्र रमेश कुमार भारद्वाज निवासी दुर्गा कॉलोनी, धान मिल बरेली रोड के यहां भेजा गया जिसमें उसने भी आभूषणों को सही करार दिया। आभूषणों की सत्यता के बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर मो. अजहर वारसी को 1 लाख 40 हजार रूपए का गोल्ड लोन दे दिया गया। बैंक प्रबंधक का कहना है कि गोल्ड लोन पालिसी 2023-24 के नियमानुसार उसने जब उक्त आभूषणों की शुद्धता हेतु बैंक से अधिकृत अन्य ज्वैलर रमेश चंद पुत्र राम लुभया निवासी वार्ड न0 14 आदर्श कॉलोनी रूद्रपुर से इसका पुन: मूल्यांकन कराया तो सोने के आभूषण नकली पाए गए। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## हमारे संघर्ष का श्रेय लेना चाहती है भारतीय किसान यूनियन: मंसूरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। झगड़पुरी प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी ने बताया कि मजरा हसन में दान की हुई भूमि पर डिग्री कॉलेज बनाए जाने का प्रस्ताव उनके द्वारा पूर्व में दिया जा चुका है। उनके नेतृत्व में कई वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने पिछले काफी समय से इसको लेकर मेहनत की है। मंसूरी ने बताया कोई भी दल इसका अनावश्यक श्रेय लेने की कोशिश ना करें। कहा कि मुझे मालूम हुआ है भारतीय किसान यूनियन के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा डिग्री कॉलेज बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा है जबकि उन्हें यह शायद मालूम नहीं है कि हमारे द्वारा पूर्व में उक्त भूमि पर डिग्री कॉलेज बनाए



जाने का प्रस्ताव जिलाधिकारी को दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि तब भारतीय किसान यूनियन कहां थी जब नगर पालिका द्वारा 5 एकड़ भूमि पर ट्रचिंग ग्राउंड बनाने की जद्दोजहद चल रही थी। उन्होंने ग्रामीणों के साथ्ज्ञ धरने प्रदर्शन करके ट्रेंचिंग ग्राउंड का विरोध किया और काफी मेहनत के बाद जैसे तैसे शासन में उनकी सुनवाई हुई। उस समय भारतीय किसान यूनियन कहीं नजर नहीं आई। शराफत अली मंसूरी ने बताया कि हमने भी पूर्व में उक्त भूमि पर डिग्री कॉलेज बनाए जाने का प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेज दिया गया है। मंसूरी ने बताया कि डिग्री कॉलेज दान करने वाले खीमचंद के नाम पर डिग्री कॉलेज का नाम होना चाहिए। अन्य कोई भी संगठन उक्त प्रकरण में अनावश्यक श्रेय लेने की कोशिश ना करें शिक्षा का मंदिर बनवाने के लिए अगर कोई भी दल आगे आता है तो हमारे साथ मिलकर कार्य को आगे बढ़ाए उनका स्वागत है।

## पेज एक का शेष...

**कैमिकल फैक्ट्री में ...**गई। सीएफओ अभिनव त्यागी, एफएसओ शिशुपाल सिंह नेगी, नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा आदि अधिकारी मौके पर पहुंचे। आग लगने की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में लोगों भीड़ भी मौके पर पहुंच गई। फैक्ट्री के आसपास के भवन और गोदाम से आनन फानन में सामान बाहर निकाला गया। आशंका है कि अगर भवन में सिलेंडर जैसी वस्तुएं आग की चपेट में आईं तो बड़ा खतरा भी हो सकता है । आग बुझाने में पानी के सात टैंकर लगाये गये हैं लेकिन तब भी आग नहीं बुझ पाई। समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का प्रयास जारी था। अग्निकाण्ड में करोड़ों की क्षति का अनुमान है। समाचार लिखने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया था।

**झरने में डूबे दो...**दूसरे युवक की तलाश अब भी जारी है। दोनों युवक शाम के समय नहाने गए थे, तभी दोनों युवक हादसे का शिकार हो गए। मृतक की पहचान 19 वर्षीय रविंदर पुत्र वीरेंद्र प्रसाद, निवासी ग्राम खड़ेत,कोट ब्लॉक जिला पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई है जबकि लापता का नाम 17 वर्षीय प्रियांशु पुत्र मदन सिंह निवासी, ग्राम खदेत कोट ब्लॉक पौड़ी जिला पौड़ी गढ़वाल की तलाश जारी है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

**होटल के कमरे..**संदेह हुआ तो मंगलवार की सुबह को उस कमरे से बदबू आने लगी। जिसके बाद होटल संचालकों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, कमरे का दरवाजा तोड़ा तो पता चला कि आनंद कमरे के बेड पर बेसुध पड़ा था और उसके पास ही एक सल्फास की शीशी भी रखी थी । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकरपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । एस आई शंकर नयाल ने बताया कि मृतक के तीन बेटे हैं और तीनों को सूचना दे दी है और वह दिल्ली से हल्द्वानी पहुंच रहे हैं नयाल यह भी बताया कि मृतक अपने परिजनों से 8 वर्षों से अलग रहता था।

**कार सवार बदमाशों...**साहस नहीं कर पाया। हमलावरों के जाने के बाद आस पास के लोगों ने नवीन को उपचार के लिए रामनगर चिकित्सालय भर्ती कराया। नवीन चौधरी का आरोप है कि हमलावरों ने उस पर रिवाल्वर की बट से भी हमला किया । हमले में नवीन को गंभीर चोटें आयी हैं उसके शरीर पर कई जगह फैक्चर भी हुए हैं। पूरी घटना का वीडियो फुटेज सीसी टीवी कैमरे में कैद हुआ है जिसके आधार पर पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

**जॉब की तलाश...**की मोटर साईकिल में सामने से टक्कर मार दी। जिससे धर्मेन्द्र कुमार के सर पर गम्भीर चोट आयी है। उसके हाथ पैर में फैक्चर हो गया है और जबड़ा टूट गया है तथा मोटर साईकिल क्षतिगस्त हो गयी है। वर्तमान में धर्मेन्द्र कुमार वेन्टिलेटर पर निजी अस्पताल में भर्ती है जिसकी हालत नाजुक है।

**घायल टाईगर ...**है जो मोहान क्षेत्र का है, उन्होंने कहा कि कई बार शिकार के दौरान बाघ घायल हो जाते हैं,साथ ही कहा कि हमारे द्वारा कॉर्बेट टाइगर रिजर्व व रामनगर वन प्रभाग की टीमों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही क्षेत्र में लगातार कैमरा ट्रैप लगाकर बाघ की लगातार मॉनिटरिंग भी की जायगी। उन्होंने कहा कि अगर कैमरा ट्रैप में बाघ घायल पाया जाता है तो उच्चाधिकारियों से अनुमति लेकर बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की कार्रवाई की जाएगी।

**सुनार पर गिरवी...**प्रसादी निवासी वार्ड 2 ट्राजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम गनीथाना अलीगढ़, बरेली का कहना है कि मछली बाजार रोड़ मेन बाजार में एक ज्वैलर्स स्वामी के सुनार के पास उसने 22 मार्च को रूपये की आवश्यकता पड़ने पर 150.84 ग्राम की एक जोड़ी चांदी की पायल 4300 रूपये में गिरवी रखी थी। वह जेवर छुड़ाने वाली थी उक्त सुनार अपनी दुकान बंद करके भाग गया। वहीं एक अन्य महिला ट्रांजिट कैम्प वार्ड 2 निवासी मिथलेश पत्नी भगवान दास ने कहा है कि ट्रांजिट कैम्प में मछली बाजार रोड़ मेन बाजार में एक ज्वैलर्स स्वामी के पास 29 मार्च को रूपये की आवश्यकता के चलते 25 ग्राम के एक जोड़ी सोने के टॉप्स 10000 रूपये में गिरवी रखे थे। उक्त सुनार अपनी दुकान बंद कर व घर खाली कर भाग गया है।

**युवक पर चाकू..**समीप ही मैदान में टहल रहा था इसी दौरान वहां पहले से मौजूद मौहल्ले के ही कुछ नशेडी युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर की आवाज सुनकर हिमांशु का चचेरा भाई किशन मौके पर पहुंचा और उसने हिंमाशु को लहुलुहान हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'पूर्व सैनिकों' के लिए धामी सरकार खोलेगी 'खजाना'

**मुख्य सचिव ने सैनिक आश्रितों के लिए छात्रवृत्ति अनुदान की धनराशि में वृद्धि पर दी सहमति, देश पर बलिदान होने वाले सैनिकों के आश्रितों को 10 लाख रुपए देने की बनी सहमति, पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों को घर के रखरखाव के लिए दिए जाएंगे 100000 रूपये, सेना, पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों में चयन पर मिलेगा 40000 रुपए का अनुदान**

देहरादून(उद ब्यूरो) प्रदेश की धामी सरकार राज्य के पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को घर के रखरखाव एवं के पूर्व सैनिकों परिवार के कक्षा 8 से स्नातक तक के मेधावियों बालक- बालिकाओं को कई तरह की सहूलियत देने पर विचार कर



रही है। ज्ञात हो कि पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों को घर के रखरखाव के लिए धामी सरकार के लिए एक लाख रुपये देने जा रही है । यह धनराशि 15 साल में एक बार मिलेंगी। राज्य सचिवालय में विगत रोज हुई उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था की कार्यकारिणी समिति की बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था की कार्यकारिणी समिति की अध्यक्षता करते हुए जेसीओ रैंक तक के पूर्व सैनिक व सैनिक विधवाओं के आश्रितों के लिए छात्रवृत्ति अनुदान की धनराशि में वृद्धि पर सहमति दी है। मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने 11वीं व 12वीं कक्षा हेतु बालकों के लिए प्रतिवर्ष 6000 तथा बालिकाओं के लिए 8000, सभी स्नातक कक्षाओं हेतु बालकों के लिए 8,000 तथा बालिकाओं के लिए 10,000, सभी स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु बालकों के लिए प्रतिवर्ष 10,000 तथा बालिकाओं के लिए 12,000, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कानून की शिक्षा हेतु 50,000 छात्रवृत्ति अनुदान राशि में वृद्धि पर सहमति दी है। उन्होंने



मेधावी छात्र अनुदान के तहत कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर बालकों को प्रतिवर्ष 30,000 व बालिकाओं को 50,000, कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर बालकों को प्रतिवर्ष 40,000 तथा बालिकाओं को 60,000, स्नातक में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर बालकों को 50,000 प्रतिवर्ष व बालिकाओं को 70,000 प्रदान करने के प्रस्ताव पर सहमति दी है। पूर्व सैनिकों के अनाथ बच्चों तथा सैनिक विधवाओं के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति कक्षा 1 से कक्षा 8 तक बालकों के लिए प्रतिवर्ष 12,000 व बालिकाओं के लिए 15,000 करने तथा कक्षा 8 से स्नातकोत्तर तक बालकों को प्रतिवर्ष 20,000 तथा बालिकाओं को 25,000 प्रदान करने पर सहमति प्रदान की गई है। मुख्य सचिव ने नॉन पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों/उनकी विधवाओं को आकस्मिकता अनुदान 25,000 प्रतिवर्ष करने, पैराप्लजिक रिहेविलिटेशन केन्द्रों में उत्तराखण्ड के पूर्ण रूप से दिव्यांग पूर्व सैनिकों को 2,00,000 प्रतिवर्ष की आर्थिक सहायता देने पर भी सहमति दी है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था द्वारा संचालित भर्ती पूर्व प्रशिक्षण से प्रशिक्षण प्राप्त करने की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए प्रदेश के पूर्व सैनिक आश्रितों के सेना, अर्द्धसैनिक बल तथा राज्य पुलिस में चयन होने पर एकमुश्त अनुदान 40,000 करने पर सहमति दी है। उन्होंने संस्था द्वारा राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को 10 लाख का अनुदान प्रदान करने के प्रस्ताव पर सहमति दी है। इसके साथ ही सीएस ने उत्तराखण्ड में पूर्व सैनिकों की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को अन्तिम संस्कार हेतु 10,000 का अनुदान दिए जाने के प्रस्ताव पर भी सहमति दी है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को 15 वर्ष में एक बार उनके मकान के रख-रखाव हेतु 1,00,000 की अनुदान धनराशि प्रदान किए जाने के प्रस्ताव बनाने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव श्री दीपेन्द्र चौधरी, उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था की कार्यकारिणी समिति के सदस्य मे.ज. जी.एस. रावत (अ. प्रा.) व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ऋण मेले में व्यापारियों को दी योजनाओं की जानकारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। व्यापार मंडल द्वारा आयोजित ऋण मेले में दर्जनों बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा सैकड़ो लोगों को विभिन्न ऋण संबंधी जानकारियां देते हुए लाभान्वित किया गया।व्यापार मंडल द्वारा अनाज मंडी परिसर में एक विशाल ऋण ऋण प्राप्त करने के नियम बताए गए ऋण मेले में भारतीय स्टेट बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक, एक्सिस बैंक ,केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, नैनीताल बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक ,पंजाब सिंध बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, राहुल अनेजा द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लीड बैंक के एस जंगपांगी का शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया । ऋण मेले में पहुंचे सम्मानित नागरिकों को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने मेले का आयोजन किया गया है उसके लिए वे हार्दिक आभारी है। श्रण का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिल सके तथा जो सब्सिडी है सीधे किसानों के ही खाते में आए इस योजना के लिए वे प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर अशोक





मेले का आयोजन करके व्यापारियों को ऋण प्राप्त करने हेतु सुविधा देने हेतु एक अनूठी पहल की है । व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने बताया कि पुरानी अनाज मंडी गदरपुर उधम सिंह नगर में एक ऋण मेले का आयोजन करते हुए उन्हें गर्व महसूस हो रहा है उन्होंने बताया कि मेले में सरकारी एवं अर्ध सरकारी बैंकों के अलावा नाबार्ड, जिला उद्योग केंद्र एवं पर्यटन विभाग द्वारा स्टाल लगाकर भारतीय रिजर्व बैंक , पंजाब नेशनल बैंक के अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को आसान ऋण संबंधी जानकारियां प्रदान की गई वही आधार कार्ड, जिला पर्यटन विभाग ,जिला उद्योग केंद्र और नाबार्ड द्वारा भी स्टाल लगाए गए थे । ऋण मेले का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ किया गया वहीं व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहड़, सचिव संदीप चावला और कोषाध्यक्ष कहा, व्यापारियों को अपने व्यापार को बढ़ाने एवं विस्तार करने के लिए आसानी से ऋण प्राप्त करने के लिए नियम एवं जानकारियां उपलब्ध कराई गई । उन्होंने बताया कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाए जाने के उद्देश्य से भी मातृशक्ति को ऋण प्रदान करवाने में पहल की जाएगी । वही इस अवसर पर पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि व्यापार मंडल द्वारा जो एक अनूठी पहल करते हुए ऋण छाबड़ा, सलविंदर सिंह कलसी,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया,मनोज गुंबर, अभिषेक वर्मा, प्रतीक वर्मा, संजीव अरोड़ा, विशू भुसरी, दीपक कालड़ा, अजय खेड़ा, राकेश भुड्डी, सोमनाथ गाबा, रविंद्र बजाज ,संतोष गुप्ता ,सुरेश खुराना ,राजकुमार सिंधी,सुभाष बेहड़ ,सतीश अनेजा,मनीष फुटेला, यशपाल गुंबर ,रोहित सुदामा, निपुण गगनेजा,अंकित गगनेजा तमाम लोग रहे।

# प्रेस क्लब के लिए पत्रकारों ने सीएम धामी को भेजा मांगपत्र

सितारगंज (उद संवाददाता)। तहसील दिवस के अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों ने डीएम उदय राज सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को मांगपत्र भेजा। पत्रकारों ने कहा कि शहर में प्रेस क्लब के लिए निशुल्क डीएम को बताया कि नगरीय क्षेत्र में प्रेस क्लब के लिए पत्रकार लंबे समय से मांग कर रहे है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में प्रेस क्लब के लिए निशुल्क भूमि, भवन आवंटित किया जाए। जिससे पत्रकार प्रेस क्लब में पत्रकार गोष्ठी, समाचार संपादन का



भूमि, भवन आवंटित किया जाए। जिससे पत्रकार गोष्ठी, संपादन से जुड़े कार्यों को सुविधाजनक कर सके। मंगलवार को नवनिर्मित एसडीएम, तहसील कार्यालय में तहसील दिवस का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी पहुंचे थे। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़ी समस्याओं का डीएम के निर्देशन में समाधान भी किया गया। तहसील दिवस में पहुंचे पत्रकारों ने सुविधाजनक कार्य कर सके। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने बताया जिला सूचना अधिकारी को आदेशित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के मांगपत्र को सचिव को प्रेषित करे। इस मौके पर पत्रकार अविनाश श्रीवास्तव, नारायण सिंह रावत, हनीफ बाबा, राहुल कनौजिया, विक्की चौधरी, रमेश यादव, दीपक भारद्वाज, कफील अहमद, विकास गुप्ता, इमरान अंसारी, अहसान अंसारी आदि मौजूद थे।

